तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 जल आपूर्ति बाधित होने और गंदे पानी की आपूर्ति से बिजली कर्मियों में आक्रोश व्याप्त



## खबर संक्षेप

### महिला थाना प्रभारी व पसान प्रभारी फिर बदले गए

**कोरबा।** जिले की पुलिस व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव करते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने महिला थाना प्रभारी भावना खंडारे को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन अटैच कर दिया है। उनके स्थान पर कोतवाली थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक रश्मि थॉमस को महिला थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि इसी तरह सीपी खांडे को सिविल लाईन पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर सुरेंद्र यादव को पसान थाने का प्रभारी बनाया गया है।

### जिला कांग्रेस की बैठक आज

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने बताया कि जिला कांग्रेस कार्यालय में 13 जुलाई की शाम 4 बजे कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक रखी गई है। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक, डल, वार्ड एवं बूथ कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आना अनिवार्य किया गया है। जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने बैठक में महिला कांग्रेस, सेवादल, इंटक, पार्षद, पूर्व पार्षद, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ, युवा कांग्रेस, कांग्रेस अजा प्रकोष्ठ सहित समस्त मोर्चा, संगठन के पदाधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है । बैठक में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी उपस्थित रहेंगे। बैठक के बाद पैदल रैली के साथ टी पी नगर चौक पहुंचकर श्रीराम मंदिर अयोध्या में चढ़ावा चोरी और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया जावेगा।

### विधानसभा का घेराव शामिल होंगे जिले के शिक्षक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आहवान पर 15 जुलाई को राजधानी रायपुर में अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर विधानसभा घेराव करने जा रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कोरबा द्वारा प्रदेश महासचिव तरुण प्रकाश वैष्णव प्रदेश महामंत्री नोहरचंद्रा एवं विपिन यादव के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष विनोद कुमार साण्डे के नेतृत्व एवं जिला ब्लॉक पदाधिकारियो के उपस्थिति में सांसद कार्यालय एवं मंत्री के निवास स्थान जाकर ज्ञापन सौपा गया। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आहवान पर सात सूत्रीय मांग को लेकर 15 जुलाई को प्रान्त स्तरीय आंदोलन रखा गया है। उक्त आंदोलन में कोरबा जिले से भी हजारों की संख्या में शिक्षक आंदोलन में शामिल होने रायपुर तूता मैदान जाएंगे।

### शाउमावि कोरबी में किया गया पौधरोपण



**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा पवन कुमार सिंह, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विष्णु यादव, मंडल के महामंत्री राकेश जयसवाल संस्था के प्राचार्य व बच्चों ने पौधरोपण किया।

### हरदीबाजार में 16 को निकलेगी रथयात्रा

**हरदीबाजार।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां शीतला माता रथ यात्रा समिति के तत्वाधान में 16 जुलाई को सांय 4 बजे हनुमान मंदिर से रथ यात्रा निकाली जाएगी। जो पूरा बस्ती होते हुए,बस स्टैंड, कालेज चौक होकर पुराना दीपका रोड़ अपने मौसी के घर पहुंचेगी। जिसकी तैयारी में आयोजित समिति और भक्त लग गए है। रथ यात्रा धूमधाम से मनाया जाता है आयोजक समिति ने सभी भक्तों को इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

# एक साल बाद भी अस्तित्व में नहीं आ सकी दुग्ध सहकारी समितियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने और मवेशी पालकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से एक वर्ष पूर्व दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया गया था। अब तक ये समितियां गठन के बाद से लेकर अस्तित्व में नहीं आ सकी हैं। केवल कागजों में ही समितियों का संचालन हो रहा है।

दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पशुधन विकास विभाग और सहकारी विभाग के द्वारा राज्य शासन के निर्देश पर दुग्ध सहकारी समितियों के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके लिए मवेशी पालकों से एवं दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों को समितियों से जोड़ने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इस अभियान के परिणाम स्वरूप 5 समितियों में गठन हुआ। जिनमें करतला, पोड़ी उपरोड़ा और पाली ब्लाक के मवेशी पालक सामने आए। उसके बाद से इनके द्वारा दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में रूझान नहीं दिखाया गया। परिणाम स्वरूप समितियां केवल कागजों में ही गठित हो गईं और मैदानी क्षेत्र में कहीं भी समितियां संचालित नहीं हो रही हैं। समिति गठन के साथ इनके व्यवस्था को लेकर भी वित्तीय सहायता देने का भी प्रावधान था। इसके बाद भी स्थानीय निवासियों ने अपनी रुचि नहीं दिखाई। केवल विभागीय बैठकों तक ही समितियों के सक्रियता को लेकर रणनीति बनती रही।

### एक वर्ष पूर्व दुग्ध उत्पादन बढ़ाने बनाई गई थी समितियां

**खास बातें**

- ग्रामीण समितियों के संचालन में नहीं ले रहे हैं रुचि
- मवेशी पालकों को जोड़ा गया था समितियों से



**ऐसे बढ़ती दुग्ध उत्पादकों की आय**

गुजरात के तर्ज पर प्रदेश में भी दुग्ध उत्पादन के लिए सहकारी समितियां बनाई जा रही हैं। ग्रामीण अंचल में समिति बनाने का उद्देश्य यह था कि दूध खरीदने वाली निजी कंपनियां ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर दूध की खरीदी करती। वर्तमान में प्रदेश में देवभोग सहकारी समिति के द्वारा प्रदेश के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों से दूध खरीदी का कार्य किया जा रहा है। जिले में भी ऐसी ही प्रक्रिया शुरू की जानी थी। किन्तु मवेशी पालकों और किसानों ने रुचि नहीं दिखायी।

### 15 जुलाई के बाद ईकेवायसी पर लग सकती है रोक

# राशन कार्ड में दर्ज 77 हजार सदस्य अभी भी नहीं करा सके केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ईकेवायसी के दौर में राशन कार्ड केवायसी के मामले में अब नया अपडेट सामने आ रहा है। पिछले एक साल से चल रही इस प्रक्रिया से 77 हजार ऐसे हैं जो ईकेवायसी की प्रक्रिया से बाहर बताए गए हैं। वहीं 15 जुलाई से इस प्रक्रिया पर रोक लगने की भी जानकारी सामने आई है।

राशन कार्ड एपीएल, बीपीएल के साथ अंत्योदय राशन कार्ड के लिए भी ई केवायसी प्रक्रिया एक साल से चल रही है और लगातार इसकी अवधि भी बढ़ाई जा रही है। उसके बावजूद राशन कार्ड में दर्ज बहुत से सदस्य ई केवायसी की प्रक्रिया से बाहर हैं। जिनके नाम से जारी होने वाली खाद्यान्न सामग्री पूर्व से विभाग के द्वारा बंद कर दी गई है और अब 15 जुलाई के बाद ईकेवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों के नाम हटाये भी जा सकते हैं। पिछले एक साल पहले से यह प्रक्रिया चल रही है। च्वाइस सेंटर से लेकर पीडीएस दुकानों में अनवरत इस प्रक्रिया को चलाया गया। खाद्य विभाग के द्वारा भी इसके लिए सूचना जारी कर ई केवायसी कराने लोगों को आफिस में आगे आने के लिए आह्वान भी किया गया। इसके बावजूद इस प्रक्रिया में तेजी नहीं आ सकी और अभी भी ऐसे 77 हजार सदस्य ई केवायसी नहीं करा सके हैं। इनके नाम अब रिकार्ड से हटाये जाएंगे।

**खास बात**

- हट सकते हैं राशन कार्ड से केवायसी नहीं काराने वालों के नाम



पीडीएस दुकान से खाद्यान्न सामग्री लेते हितग्राही।

**पीडीएस दुकानों में हो रहा ईकेवायसी**

हितग्राही पीडीएस दुकानों में जाकर अपना ई केवायसी करा सकते हैं। इसके अलावा खाद्य विभाग की वेबसाइट में तथा एंड्रायड एप अपलोड कर ईकेवायसी करा सकते हैं।

-घनश्याम कंवर, खाद्य अधिकारी

**कुल कितने चल रहे राशन कार्ड**

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 3 लाख 60 हजार 867 राशन कार्ड संचालित हैं। जिसमें एपीएल, बीपीएल के साथ अंत्योदय राशन कार्ड भी हैं। इन राशन कार्डों में 11 लाख 66 हजार 314 सदस्य दर्ज हैं। इनमें से एक साल पहले तक एक लाख 987 सदस्यों ने अपना ई केवायसी नहीं कराया था। लगातार प्रयास करने के बाद 33 हजार सदस्य एक साल के दौरान अपना ई केवायसी करा सके।

**वन नेशन वन कार्ड की समय सीमा समाप्त**

वन नेशन वन कार्ड के लिए भी शासन की ओर से ई केवायसी कराने हेतु 30 जून तक का समय दिया गया था। उसे भी लगातार बढ़ाते हुए समय दिया गया। इस अवधि में भी अधिकांश राशन कार्डधारियों ने इसका लाभ उठाया है। अब ईकेवायसी कराने की अवधि भी 15 जुलाई के बाद समाप्त हो सकती है।

# बांकीमोंगरा थाने में खड़े ट्रेलर से जेक रॉड सहित अन्य सामानों की चोरी



वह ट्रेलर जिससे हुई सामानों की चोरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खनिज विभाग ने एक ओवरलोड के मामले में ट्रेलर वाहन पर कार्यवाही की थी और ट्रेलर को बतौर सुरक्षार्थ बांकीमोंगरा थाना परिसर में खड़ा किया गया था। ट्रेलर के केबिन का शीशा तोड़कर कथित रूप से अज्ञात चोर सामान चोरी कर ली है। मामला सामने आने के बाद भी पुलिस भी टेंशन में है आखिर यह घटना हुई कैसे। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठेगा।

बांकीमोंगरा थाना के कुदरीपारा निवासी संजय यादव की 18 चक्का ट्रेलर क्रमांक सीजी 30 एफ 8112 को 20 जून को खनिज विभाग ने अवैध गिट्टी परिवहन के मामले में जब्त किया था। कार्रवाई के बाद वाहन को पुलिस अभिरक्षा में बांकीमोंगरा थाना परिसर में खड़ा कराया गया था। इस बीच कई बार गाड़ी मालिक अपने गाड़ी का हालचाल जानने थाना पहुंचा था जहां सभी सामान सुरक्षित थे। बताया जाता है कि संजय यादव रविवार की सुबह 11 बजे जब पुनः थाना पहुंचा तो उसने देखा कि ट्रेलर के केबिन का कांच टूटा मिला। अंदर जाकर जांच करने पर वाहन के केबिन में रखा जैक-रॉड, साउंड बॉक्स समेत अन्य सामान चोरी हो चुके थे। इस मामले को लेकर बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिन्हा ने बताया कि घटना सामने आयी है पुलिस द्वारा मामले की बारिकी से जांच की जा रही है जिस तरह से घटना हुई है, घटना पुलिस के गले नहीं उतर रही है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

# नशे में धुत युवक गिरा कुएं में, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शराब के नशे में धुत्त एक 27 वर्षीय युवक अपने घर के आंगन में बने कुंआ से पानी निकालने के लिए पहुंचा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह सीधे कुएं में जा गिरा। जब तक उसे बाहर निकाल जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगापुर बस्ती की है। यहां निवासरत अभिषेक खलखो 27 वर्ष पिता अगस्तु खलखो आदतन शराबी था और शराब के नशे में धुत्त था। बताया जाता है कि वह अपने घर के कुएं में पानी निकालने के लिए पहुंचा था और पानी निकालने के दौरान अचानक उसका पैर स्लिप हो गया और वह सीधे कुएं में गिर गया। कुएं में गिरने की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर कुएं के पास पहुंचे और देखा कि कुएं में अभिषेक गिर गया है और उसे बचाने की कावयद शुरू की गई। किसी तरह अभिषेक को कुंआ से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दी है।

### बस चालक ने ठेले गुमठियों में चढ़ा दी बस

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र में बीती रात एक बस में बराती को बैठाकर ले जा रहा था। बताया जाता है कि बस चालक नशे में धुत्त होकर बस चला रहा था। इसी बीच बस चालक बस से अपनी नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे बनी गुमठीनुमा दुकानों में घुसा दी। इस घटना में कई छोटे दुकानदारों को नुकसान पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर जब्त कर लिया है।

# नहर पुल से टीपी नगर तक शाम 5 बजे के बाद नहीं गुजर सकेंगे भारी वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पावर हाउस रोड नहर मार्ग व चौक पर लगते जाम के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सख्त फैसला लेते हुए बसों और ट्रैक्टरों की एंट्री पर शाम 5 बजे से प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर के आदेश के बाद अब यह व्यवस्था अगले आदेश तक लागू रहेगी। यह आदेश पिछले साल जारी किया गया लेकिन इस अमल इस साल भी नहीं हो सका है।

नई व्यवस्था के तहत कहा गया था कि चांपा की ओर से आने वाली बसें ओवर ब्रिज, राताखार और स्टेडियम रोड होते हुए नए बस स्टैंड पहुंचेंगी। बिलासपुर और हरदीबाजार की ओर से आने वाली बसें सर्वमंगला पुल, राताखार बायपास और स्टेडियम रोड के रास्ते संचालित होंगी। गिट्टी, मिट्टी, सीमेंट और अन्य निर्माण सामग्री लेकर शहर में प्रवेश करने वाले ट्रैक्टर अब सीतामढ़ी, ओवर ब्रिज, राताखार, तुलसी नगर, स्टेडियम रोड और सीएसईबी चौक से होकर अपने गंतव्य तक जाएंगे। वापसी भी इसी मार्ग से करनी होगी। प्रशासन ने साफ किया था कि आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस को नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश भी दिए गए। यह आदेश/निर्देश रद्दी की टोकरी में जाता दिख रहा है। शहरवासियों का कहना है कि सिर्फ बस और ट्रैक्टरों पर रोक लगाने से समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी। सड़क किनारे अवैध पार्किंग, ऑटो की मनमानी और अतिक्रमण पर भी सख्त कार्रवाई जरूरी है।

**खास बात**

- आदेश तो जारी, लेकिन पालन नहीं हो रहा



# पहले होटल में खाया खाना, फिर दोस्त की स्कार्पियों में की तोड़फोड़



स्कार्पियो जिसमें हुई तोड़ फोड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी पुलिस चौकी के समीप खड़ी एक स्कॉर्पियो वाहन का शीशा तोड़े जाने का मामला सामने आया है। घटना चौकी से करीब 150 मीटर की दूरी पर हुई, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बताया जाता है कि सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रज्जवल सिंह और उसका पड़ोसी दोस्त साहिल त्रिपाठी दोनों स्कार्पियो वाहन में सवार होकर शहर के एक होटल पहुंचे हुए थे। जहां खाना खाने के बाद साहिल त्रिपाठी होटल से नीचे उतरा और उसके दोस्त प्रज्जवल सिंह के स्कार्पियो में जम कर तोड़फोड़ की है। सीएसईबी चौकी प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि आरोपी साहिल त्रिपाठी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उसने अपने ही दोस्त की गाड़ी में क्यों तोड़ फोड़ की है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### जेबीसीसीआई 12 गठन का मामला

# बीएमएस करेगा कन्वेंशन के साथ आंदोलन : रेड्डी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ (बीएमएस) के पदाधिकारी बैठक 7 जुलाई को भारतीय मजदूर संघ कार्यालय इंदिरा विहार बिलासपुर में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ, दिल्ली के कोल उद्योग प्रभारी के. लक्ष्मा रेड्डी ने कोल उद्योग की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जेबीसीसीआई 12 की गठन को लेकर बीएमएस कन्वेंशन के साथ अब आंदोलन भी करेगी।

बीएमएस के कोल उद्योग प्रभारी श्री रेड्डी ने कहा कि 5 जून को आयोजित अपेक्स जेसीसी की बैठक में संगठन की ओर से प्रबंधन का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित कराया गया था कि 1 जुलाई से जेबीसीसीआई-12 प्रभावी होना है, किंतु अब तक जेबीसीसीआई-

⏭ शेष पेज 3 पर

**श्रम विरोधी कार्य प्रणाली का करेंगे विरोध**

श्री रेड्डी ने कहा कि कोयला उद्योग के कर्मचारियों को नियमानुसार उपलब्ध कराई जाने वाली चिकित्सा सुविधाएं एवं सामाजिक सुरक्षा संबंधी लाभ प्रभावी रूप से नहीं मिल रहे हैं। प्रबंधन उत्पादन बढ़ाने की होड़ में अनेक स्थानों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिसके कारण खदान दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और इससे कर्मचारियों के जीवन एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। श्री रेड्डी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा, सम्मान, उचित वेतन एवं वैधानिक अधिकारों से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु लोकतांत्रिक एवं वैधानिक माध्यमों से अपना संघर्ष निरंतर जारी रखेगा तथा प्रबंधन की किसी भी श्रमिक-विरोधी एवं असुरक्षित कार्यप्रणाली का दृढ़ता से विरोध करेगा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

- ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
- C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)

89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला बलौदा थाना का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बुड़गहन में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रुप से महुआ शराब बेचने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल ग्राम बुड़गहन पहुंची। यहां फिरत राम चौहान के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब को बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक मनोहर सिन्हा, रामकुमारी मार्को, रज्जू रात्रे , प्रहलाद निर्मलकर, जरायम बिंझवार, रोहित साहू, रूखमणी निर्मलकर का योगदान रहा।

### बिजली की कटौती से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**बिर्रा।** विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के अंतर्गत क्षेत्र के लगभग दर्जन भर गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली के बार-बार आने जाने एवं दिनभर स्थाई कटौती करने के कारण बेवजह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड रायपुर के द्वारा कनिष्ठ यंत्री कार्यालय की स्थापना बिर्रा में किया गया है। ताकि विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए बिर्रा के बाजार चौक में 33/11 के वी विद्युत सब स्टेशन की स्थापना सालों पहले किया गया है। लेकिन विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या जस की तस बनी हुई है। क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिर्रा में विद्युत वितरण केंद्र खुलने से मन में आस जगी थी कि यहां विद्युत वितरण केंद्र खुल गया है अब कटौती नहीं होगी, लेकिन यहां आए दिन बिजली कटौती हो रही है। कभी डियो के कटने तो कभी जम्फर के कटने या फिर तार टूटने और हमेशा 33 केव्ही में फाल्ट आने की बात कहते हुए बिजली बंद कर दी जाती है। हल्की सी हवा चलने या बारिश होने पर विद्युत सप्लाई बंद कर दिया जाता है। बिजली की बार बार कटौती से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### छात्र की हत्या कर खेत में दफनाई लाश, आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** पुरानी रंजिश पर स्कूली छात्र की हत्या कर युवक ने शव को छुपाने खेत में दफन कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र के ग्राम परसदा खुर्द का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार परसदा खुर्द निवासी सौखी कुमार केंवट का बेटा 13 वर्षीय कपिल कुमार केंवट कक्षा 9 वीं का छात्र था। वह 8 जुलाई की रात लापता हो गया। अपने स्तर पर खोजबीन करने के बाद सौखी कुमार केंवट ने थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। सौखी कुमार ने गांव के ही हेमंत कुमार केंवट द्वारा कपिल कुमार केंवटको बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने की बात पुलिस को बताई। पुलिस ने संदेही हेमंत कुमार केंवट की पतासाजी कर दबिश देकर पकड़ा। पूछताछ करने पर वह बार-बार अपना कथन बदल कर पुलिस को गुमराह करता रहा। मनोवैज्ञानिक तरीके से कई घण्टो तक पूछताछ करने पर आख़रिकार उसने सारी कहानी बयान कर दी।

पीपीपी मॉडल को लेकर लोगों में है शंका कि कहीं यह महंगा अस्पताल न बन जाए

# निजी हाथों में देने से बेहतर सुपर स्पेशलिटी को एम्स को सौंपा जाए

**महंगी मशीनें लगी हैं, लेकिन उपयोग नहीं हो रहा** | **मरीजों के भर्ती, एंबुलेंस की कोई व्यवस्था नहीं** | **भोजन और परिजन के ठहरने का इंतज़ाम नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करीब 200 करोड़ की लागत से बने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को बने पौने 2 साल हो चुके हैं, उद्घाटन के बाद से ही यह गंभीर मरीजों की आशा का केन्द्र बना हुआ है, लेकिन यहां डाक्टरों व स्टाफ की कमी बनी हुई है, वहीं करोड़ों के उपकरण धूल खा रहे हैं। ऐसे में अब सरकार द्वारा इसे निजी हाथों में देने की तैयारी में है। इसके विपरीत आम लोग और जनप्रतिनिधि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को एम्स जैसे संस्थान को सौंपने की मांग कर रहे हैं। प्रदेश में रायपुर के अलावा कहीं भी एम्स जैसा अस्पताल नहीं है, जहां सभी तरह के रोगों का इलाज एक ही छत के नीचे किया जा सके। निजी क्षेत्र का अपोलो बिलासपुर में सेवारत है, लेकिन यहां जान बचाने की कीमत लाखों रूपयों में है, जिसके कारण यहां आम लोगों को इलाज कराना संभव नहीं हो पाता है। ऐसे में क्षेत्र में एम्स खोलने की मांग लंबे समय से की जा रही है।

■ बड़े डॉक्टर भी नहीं ला पा रही है सरकार



पूर्व की सरकार ने बिलासपुर में एम्स खोलने का वादा किया था, लेकिन सरकार के जाते ही यह ठंडे बस्ते में जा चुका है। ऐसे में बिलासपुर का एकलौता सुपर स्पेशलिटी शासकीय अस्पताल भी निजी हाथों में जाने के बाद आम लोगों तक इसकी पहुंच मुश्किल हो सकती है। ऐसे में अस्पताल का संचालन एम्स की टीम को दिए जाने की बात लोगों के द्वारा कहीं जा रही है।

### सरकार की शर्तों पर चलेगा अस्पताल



कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पपताल सरकारी जमीन और सरकारी उपकरणों के साथ बना है। इसे एम्स को देने की बात ही नहीं है। हम चाहते हैं कि यहां पीपीपी मॉडल पर काम हो। लोगों को रियायती दर और आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सुपर स्पेशलिटी की सुविधा मिल सके। जो लोग इसके निजी लोगों के हाथों में देने की बात कह रहे हैं, वे स्वार्थ के कारण प्रोप्रोगंडा कर रहे है, जबकि यहां किडनी, लीवर, दिल की बीमारियों का स्पेशलिस्ट डाक्टरों द्वारा इलाज किया जाएगा। पीपीपी मॉडल में अस्पताल का संचालन, सरकार की शर्ते पर ही किया जाएगा, जिससे आम लोगों को सहूलियत मिल सके।

-**अमर अग्रवाल,** विधायक व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री

### पीपीपी मॉडल पर हो अस्पताल का संचालन



सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का संचालन राज्य सरकार का विषय है। एम्स संस्थान केन्द्र का है और वह रिसर्च संस्थान है। अस्पताल में डीएम और एमडी लेवल के डाक्टरों की कमी है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल सिम्स मेडिकल कालेज के आधीन है और इसकी अलग से स्वाशासी समिति है। एम्स अगर लेना चाहे तो उनका स्वागत है, लेकिन वह पहले से बने अस्पतालों का संचालन नहीं करता है। हमारी मांग यह होनी चाहिए कि इसके संचालन की जिम्मेदारी पीपीपी मॉडल पर हो और मरीजों का इलाज आयुष्माान कार्ड के वित्तीय सहायता पर हो। सुपरस्पेशलिटी अस्पाताल को चलाने के लिए डीएम लेवल के डाक्टर की जरूरत है, तकनीकी तौर पर आयुष्मांन के इलाज सुपर स्पेशलिटी इलाज के तहत कव्हर नहीं हो रहे है। यही दिककत आ रही है। इसका प्रयास जारी है।

-**सुशांत शुक्ला** , विधायक, बेलतरा

### एम्स जैसी सुविधा मिलना हमारा हक है



डेढ साल पहले 11 मंजिल का अस्पताल बना दिया गया, करोड़ों रूपए के मशीन और उपकरण अब धूल खाते पड़े है। यहां ना प्रशिक्षित स्टाफ है और ना ही पर्याप्त डाक्टर मौजूद है। ऐसे में राज्य सरकार को इसके निजीकरण करने के बजाए ऐसी सरकारी संस्थान को देना उचित होगा जो सरकारी संस्थानों में सर्वोच्च हो, जिसमें एम्स शामिल है। रायपुर स्थित एम्स पूरी तरह से ओवर लोडेड हो चुका है, जहां आम लोगों को इलाज पाने के लिए काफी दिक्कत आती है। बिलासपुर में एम्स की सुविधा मिलना हमारा हक है। इससे एक निश्चित शुल्क में मरीजों का सुपर स्पेलशलिटी अस्पताल में इलाज किया जा सकेगा। न्यूरो, हार्ट, किडनी जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज किफायती दरों पर किया जा सके, इसकी व्यवस्था राज्य सरकार को तत्काल करनी चाहिए।

-**अटल श्रीवास्तव**, विधायक, कोटा

### निजी हाथों में देने का सवाल ही नहीं



हमारी सरकार के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने बिलासपुर में एम्स खोलने की घोषणा की थी, सरकार किसी भी पार्टी की हो, विधानसभा में किए गए वादे, महज वादे नहीं है। इसे निभाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। राज्य सरकार 200 करोड़ के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को चला नहीं पा रही है। इंफ्रा स्ट्रक्चर और मशीन, उपकरण सरकार का है तो उसे निजी हाथों में देने का सवाल नहीं उठता है। निजीकरण करने से आम लोगों को नुकसान होगा, इसके विपरीत सरकार को एम्स जैसी संस्थानों से बात कर सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के संचालन की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, जिससे बिलासपुर सहित आसपास के अन्य जिलों के मरीजों को भी समय पर इलाज मिल सकेगा।

-**शैलेष पांडेय,** पूर्व विधायक

## पिता-पुत्र ने युवक को चाकू मारा, सिम्स में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



क्रिकेट खेलने के बाद घर जाते समय युवक ने सड़क किनारे थूका तो एक युवक का पैर गंदा हो गया। पैर साफ करने से मना करने पर पिता पुत्र ने युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर हमलावर पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

■ हमलावर पिता-पुत्र गिरफ्तार

सिरगिट्टी टीआई वायपी सिंह ने बताया, महिमा नगर निवासी शिवम नायक उर्फ शिब्बू 11 जुलाई की रात 8.30 बजे अपने दोस्त देवरथ साहू, शिवा राव के सथ पोचे ग्राउण्ड से क्रिकेट खेलकर वापस घर जा रहा था। आदर्श नगर पानी टंकी के पास शिवम नायक सड़क किनारे थूक रहा था। इसी दौरान अचानक विभय दास आ गया और थूक उसके पैर में पड़ गया। विभय दास आक्रोशित होकर गाली गलौज करते हुए पैर साफ करने कहा। शिवम गाली देने पर थूक साफ करने से इनकार कर घर जाने लगा। वह ग्राउंड की दूसरी ओर पहुंचा था, इसी दौरान विभय दास अपने पिता विजय कुमार के साथ स्कूटी से आया। उसके पिता ने शिवम के दोनों हाथ को पीछे कर पकड़ लिया। उसके बाद विभय दास ने चाकू से हत्या करने की नीयत से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसके पेट की अंतड़ी बाहर निकल गई। शिवम नायक खून से लथपथ होकर बेहोश हो गया। उसके बाद हमलावर पिता पुत्र भाग निकले। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दोस्तों के द्वारा गंभीर अवस्था में शिवम को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामा रामकुमार नायक की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 109, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

## नाले में मिली महिला की लाश की हुई पहचान

**बिलासपुर।** । नाले में मिली महिला की लाश की 5 दिन बाद पहचान कर ली गई है। मृतका सरकण्डा क्षेत्र की रहने वाली थी। वह शराब पीने की आदी थी।

7 जुलाई को तोरवा क्षेत्र के तितली चौक के नाले में एक अज्ञात महिला की अर्धनग्न अवस्था में लाश मिली थी। लाश दो दिन पुरानी होने से सड़ गई थी। दूसरे दिन पहचान नहीं होने व सड़ जाने से पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव का कफन दफन करा दिया था। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, 12 जुलाई को परिजनों के द्वारा मृतका की पहचान सरकण्डा चिंगराजपारा लक्ष्मी चौक निवासी लता श्रीवास पति राजकुमार श्रीवास 50 साल के रूप में की है। मृतका बीपी शुगर की बीमारी से पीड़ित थी और शराब पीने की आदी थी। वह प्रतिदिन ट्रेन से रायपुर में काम करने जाती थी और ट्रेन से वापस आती थी। बहरहाल पोस्टमार्टम के बाद मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## 27 लाख 57 हजार के गांजा सहित पकड़े गए आरोपी

बिलासपुर। जीआरपी की टीम ने गांजा तस्करी के खिलाफ अभियान चलाकर चार आरोपियों को 27 लाख 55 हजार रुपए के गांजा के साथ पकड़ा है। आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल है, जिनके पास से गांजा जब्त करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम कर जेल भेज दिया गया है।

आरपीएफ के साथ जीआरपी की टीम भी गांजा तस्करी करने वालों के खिलाफ ओडिशा से आने वाली ट्रेनों की जांच कर रही है। इस दौरान रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 6 पर चार संदिग्ध खड़े हैं, जिनके पास गांजा होने की संभावना है। सूचना पर जीआरपी की टीम प्लेटफार्म नम्बर 6 पर पहुंची, जिन्हें देखकर चारों भागने की कोशिश करने लगे। चारो को घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ और उनके पास रखे बैग की जांच की गई। बैग में 55 किलो 150 ग्राम गांजा रखा हुआ था, जिसकी कीमत 27 लाख 57 हजार 500 रुपए है।



गांजा सहित गिरफ्तार आरोपी।

गांजा को जब्त करने के बाद आरोपी ओडिशा निवासी पंकजनी बेहरा पति राधे बेहरा 40 साल, जुजुमुरा संबलपुर ओडिशा निवासी रीना पटनायक पति स्व. राम पटनायक 60 साल, खकनार बुरहानपुर मध्यप्रदेश निवासी आयुष कुशवाहा पिता मुकेश कुशवाहा और संबलपुर ओडिशा निवासी हितेश कुमार भोई पिता सोरू भोई के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 20 बी के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जहं से चारों आरोपियों को रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। जीआरपी प्रभारी विश्वनाथ चक्रवर्ती ने बताया कि चारों आरोपी गांजा को ओडिशा से लाने के बाद रींवा जाने के लिए प्लेटफार्म नम्बर 6 पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे।

पूछताछ में चारों ने बताया कि उनको गांजा छोड़ने के लिए कहा गया है, किसके पास गांजा देना है इसकी जानकारी नहीं दी गई है। जिस व्यक्ति को गांजा देना है उसके पास चारों की फोटो पहुंच गई है, जो स्टेशन पर ट्रेन आने के बाद गांजा रिसीव करने आने वाला है। इसके अलावा आरोपियों ने मुख्य आरोपी के हुलिए और मोबाइल नम्बर तक की जानकारी नहीं दी।

### बाइक की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम रघुनाथनगर निवासी श्याम बिहारी आ. स्व. बसधारी (48 वर्ष) शनिवार की दोपहर खेत जुताई के लिए गांव में ट्रैक्टर ढूंढने जा रहा था। जैसे ही ग्रामीण पुलिया के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को रघुनाथनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई।

## ढाबा संचालक से मारपीट कर लूट, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर







शराब नहीं देने पर ढाबा संचालक से मारपीट कर गल्ले से नकद रकम लूटने वाले तीन हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, रतनपुर रेस्ट हाउस निवासी आशीष गहलोत पिता संतोष गहलोत नेशनल हाइवे नवापारा में ढाबा चलाते हैं। 11 जुलाई की रात 1 बजे उनकी ढाबा में करैहापारा निवासी विकास उर्फ विक्कू रावत पिता राजेन्द्र रावत 25 साल शिन उर्फ राजा कश्यप पिता रामझूल कश्यप 22 साल, बयासनारायण पाटले उर्फ छोटू पिता गोवर्धन पाटले 27 साल आए और शराब की मांग करने लगे। संचालक ने शराब देने से मना किया तो चाकू निकालकर डराने धमकाने लगे। कर्मचारी विजेन्द्र कमल आया तो तीनों ने मिलकर उसके साथ हाथ मुक्का, स्टील पाइप व डण्डा से जमकर मारपीट करते हुए चाकू की नोक पर गल्ले से 4500 रुपए लूटकर फरार हो गए। ढाबा संचालक की सूचना पर पुलिस ने देर रात पतासाजी कर तीनों युवकों को पकड़ लिया है। पुलिस ने संचालक की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 309, 296, 351, 3, 115, 2, 3, 5 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तीनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### गाय को बचाने के प्रयास में डिवाइडर से टकराई कार, बाल- बाल बचे सवार

सूरजपुर। नवापारा मुख्य मार्ग पर बीती रात कार सवार गाय को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकरा गए। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कार का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि कार के दोनों एयर बैग खुल जाने से वार बाल बाल बच गए।

जानकारी के अनुसार जबलपुर से विश्रामपुर मीना बाजार आ रहे कार सवारों की तेज रफ्तार कार कोतवाली थाना क्षेत्र के नवापारा मुख्य मार्ग पर देर रात सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए, दोनों एयरबैग खुल गए जबकि डिवाइडर के कई हिस्से उखड़कर दूर तक जा गिरे। डिवाइडर पर लगा बिजली का खंभा भी टूटकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसा देर रात करीब दो से तीन बजे के बीच हुआ इसलिए उस समय घटनास्थल पर कोई मौजूद नहीं था। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने क्षतिग्रस्त कार देखी और तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और कार में फंसे युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## सूने मकान में 5 लाख रूपए नकदी व जेवर की चोरी

■ चार संदेही हिरासत में, चोरी की रकम बरामद, झाड़ियों में छिपाये थे 5 लाख

**अंबिकापुर।** शहर के जवाहर मार्केट स्थित सूने मकान में चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। बड़ी बात यह है कि इस चोरी में घर में काम करने वाला एक युवक भी शामिल था और उसने खुद को बधंक बनाए जाने की झूठी कहानी गढ़ी। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में चार लोगो को हिरासत में लिया है और पूछताछ चल रही है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए पांच लाख रूपए नगद को भी बरामद किया है। आरोपियों ने नगदी रकम को डाइट के पीछे झाड़ियों में छिपाया था। बताया जा रहा है कि जवाहर मार्केट निवासी सुभाष अग्रवाल परिवार के साथ बाहर गए हुए थे। इस दौरान उन्होंने घर के रखवाली की जिम्मेदारी घर में ही काम करने वाले युवक को दी थी। रविवार को जब परिवार के सदस्य घर लौटे तो उनके होश उड़ गए। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और 5 लाख रूपए नगदी के साथ ही जेवर पार हो गए थे। इस घटना की शिकायत गांधीनगर पुलिस से की गई। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में युवक से पूछताछ की तो उसका बयान संदेहास्पद लगा। युवक के अनुसार बदमाशों ने उसे बंधक बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस की कड़ाई के बाद युवक ने चोरी की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने फिलहाल चार लोगों को हिरासत में लिया है और उनके पास से पांच लाख रूपए नगदी बरामद किया है। उक्त रकम को आरोपियों ने डाइट के पीछे झाड़ियों में छिपाया था जबकि जेवर चोरी की पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चेकिंग के दौरान गांजा के साथ पकड़ाए 4 युवक

**बिलासपुर।** पुलिस ने अड्डाबाजी चेकिंग के दौरान गांजा सहित 4 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस अपने क्षेत्र में अड्डबाजी की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि महमंद बाइपास में 4 लोग गांजा लेकर बिक्री करने के लिए खड़े हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर मनमोहन सिंह कले उर्फ मोना पिता ज्ञान सिंह 45 साल चिमना जगरावं लुधियाना पंजाब, सूरजीत सिंह पिता प्रीतम सिंह 45 साल हैदतपुर कत्थुनगर अमृतसर पंजाब, पुष्पाराज जांगड़े पिता वीरेन्द्र जांगड़े 36 साल कोहिलाडीह मुंगेली, सुरेन्द्र ध्रुव पिता राजेन्द्र ध्रुव 25 साल रहंगी चकरभाठा निवासी को पकड़कर उनके पास से 3 किलो 264 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। जब्त गांजा की कीमत 45 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने गांजा जब्त कर चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

लम्बी दूरी के कारण टीम को स्थल तक पहुंचने में होती है दिक्कत

# ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगी तो काबू पाकर जान बचाना होगा काफी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



संभाग के ऐसे कई विकासखंड मुख्यालय सहित ऐसे कई क्षेत्र है जहां आग लगने पर जान बचाना मुश्किल हो जाएगा। जब तक इन क्षेत्रों में दमकल की टीम पहुंचेगी तब तक सबकुछ जलकर खाक हो जाएगा। ऐसा इसलिए क्यों कि इन क्षेत्रों में दमकल वाहन की व्यवस्था वर्षों बाद भी नहीं हो सकी है। आग लगने पर जिला मुख्यालय से वाहनों को भेजा जाता है और उन्हें घटना स्थल पर पहुंचने में दो घंटे तक का समय लग जाता है और जब तक टीम मौके पर पहुंचती है तब तक भारी नुकसान हो चुका होता है।

आगजनी की घटनाएं आम बात हो गई है। समय समय पर घर, दुकान, वाहनों में आग लगने की घटनाएं सामने आती रहती है। आगजनी की इन घटनाओं में नगर सेना के अधीन आ चुकी दमकल विभाग की टीम अपने वाहनों के साथ मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम करती है। मुख्यालय में दमकल वाहन होने से अब तक सैकड़ों घरों को जलने से बचाया जा चुका है लेकिन आज भी संभाग में कई ऐसे विकासखंड है जहां आज तक दमकल वाहनों की व्यवस्था नहीं हो पाई। एक तरफ जहां क्षेत्रों में विकास के नाम पर अरबों की लागत से सड़कें, भवन बन रहे है और विकास के अनेकों कार्य किए जा रहे है उन्ही क्षेत्रों में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कोई सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई। ऐसे में आग लगने पर मुख्यालयों से दमकल वाहनों को घटना स्थल के लिए रवाना किया जाता है।

### हर थाना क्षेत्र में होनी चाहिए व्यवस्था

इतनी लम्बी दूरी से दमकल वाहनों को घटना स्थल पर पहुंचने में घंटो का समय लगता है। इस दौरान यदि कोई व्यक्ति आग की लपटों के बीच घिरा है तो उसे बचाना काफी मुश्किल हो जाएगा क्यों कि दमकल की टीम को घटना स्थल पर पहुंचने में काफी समय लगता है। ऐसे में जरुरी है कि जिस तरह जिलों में थाना क्षेत्रों की व्यवस्था की गई है उसी तरह दमकल टीम की भी व्यवस्था की जाए। वर्ष 2015 में मंत्री परिषद का निर्णय भी था कि हर थाना क्षेत्र में अग्नि शमन एवं आपातकालीन सेवा का गठन किया जाएगा और दमकल कर्मियों की नियुक्ति के साथ ही दमकल वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे लेकिन वर्षों बाद भी इसपर अमल नहीं हुआ। बड़ी बात तो यह है कि आज तक क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों ने भी इस दिशा में कोई ख़ास पहल नहीं की। जरुरत है कि विकासखंड स्तर पर ही मिनी फायर स्टेशन का निर्माण कर दमकल वाहन और दमकल कर्मियों को तैनात किया जाना चाहिए ताकि आग लगने पर दमकल की टीम मौके पर समय रहते पहुंच सके।

### नशीले इंजेक्शन के साथ महिला गिरफ्तार, गई जेल



अम्बिकापुर। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने नशीले इंजेक्शन के साथ महिला को गिरफ्तार किया। टीम ने महिला के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। aजानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ब्रम्हपारा निवासी आशा पांडेय घर से नशीला इंजेक्शन बिक्री कर रही है। सूचना पर सूचना पर उड़नदस्ता टीम तत्काल आशा पांडे के घर दबिश दी। टीम जब आशा पांडे के घर पहुंची तो आशा पांडे अपने घर के पीछे एक थैला फेंकने का प्रयास की परंतु उसे एक महिला सैनिक द्वारा पकड़ लिया। महिला सैनिक द्वारा उसके हाथ में रखे थैले की जांच की तो थैला में 28 नग नशीला इंजेक्शन मिला। टीम ने नशीला इंजेक्शन को जब्त कर आशा पांडेय को गिरफ्तार कर लिया साथ ही आरोपी आशा पांडेय के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि आरोपी आशा पांडे पहले ब्राउन शुगर बेचती थी और ब्राउन शुगर के मामले में जेल भी जा चुकी है।

## खबर संक्षेप



### एबीवीपी के 78वें स्थापना दिवस पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**कोरबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर कटघोरा स्थित राधा सागर तालाब एवं मंदिर परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान परिषद के कार्यकर्ताओं ने तालाब और मंदिर परिसर की सफाई करते हुए प्लास्टिक एवं अन्य कचरे का संग्रह कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि एबीवीपी केवल छात्र हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाती है। सभी ने स्वच्छ, सुंदर एवं जागरूक कटघोरा के निर्माण में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया। अभियान में नगर अध्यक्ष रूपा अलवानी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमरजीत सिंह राजपूत, नगर मंत्री सुमित साहू, नगर सहमंत्री आकाश साहू, उत्कर्ष दुबे, एसएफएस प्रमुख ऋषिवेद विश्वकर्मा, महाविद्यालय प्रमुख ध्रुव तिवारी, सोशल मीडिया प्रमुख प्रियांशु प्रजापति, विनय वैष्णव, नरेश साहू एवं सौरभ कुंडे सहित बड़ी संख्या में अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बजरंग दल ने कुआंभट्टा में स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन



**कोरबा।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा नियमित कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। निगम के नेहरू नगर वार्ड के अंतर्गत कुआंभट्टा के सामुदायिक भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ प्राप्त हुआ। मीना देवी जैन मेमोरियल हॉस्पिटल ट्रांसपोर्ट नगर के संचालक डॉक्टर प्रिंस जैन और उनकी टीम ने इस हेल्थ कैंप में अपनी सेवाएं दी। मौसमी बीमारियों के अलावा अन्य समस्याओं से जूझ रहे लोग पहुंचे। डॉक्टर ने उनका ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट के अलावा स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई। लोगों को इस मौसम में आवश्यक रूप से रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया। काफी संख्या में लोग इस शिविर से लाभान्वित हुए। कैंप का समन्वय राणा मुखर्जी, राज नारायण गुप्ता सहित ने किया।

### विद्यालय किसी भी व्यक्ति के जीवन का सबसे मजबूत आधार होता है : मुखर्जी



**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में कक्षा नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए नए शैक्षणिक सत्र का स्वागत कर शुभारंभ किया गया। अपने जीवन के पहले स्कूली सफर पर निकले इन छोटे बच्चों के स्वागत के लिए विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे फूलों, गुब्बारों और मनमोहक कट-आउट्स से एक उत्सव की तरह सजाया गया था। स्कूल के मुख्य द्वार पर तिलक लगाकर बच्चों का अभिनंदन किया गया। विद्यालय परिसर में बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए एक बेहद खूबसूरत और रचनात्मक फोटो बूथ भी बनाया गया था। विद्यालय प्रबंधन के प्रमुख श्री हेमंतो मुखर्जी ने इस अवसर पर सभी नव-प्रवेशित बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए स्कूल और परिवार का यह अटूट साझा प्रयास बेहद महत्वपूर्ण है।

## फर्जी सर्प रेस्क्यूर सूची सोशल मीडिया में हुई वायरल, विभाग ने किया सावधान

# लोकप्रियता के लिए सर्प रेस्क्यू करने वालों की बढ़ी फेहरिश्त, वन विभाग की बढ़ी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला वनांचल क्षेत्र से घिरा हुआ है यही वजह है कि जिले के जंगल सहित आसपास के रिहायशी क्षेत्र में भी विभिन्न प्रजाति के सांपों का बसेरा है। खास तौर पर जिले के जंगल में किंग कोबरा की भी मौजूदगी है। बारिश के शुरुआत के साथ ही शहर के सहित आउटर के घरों में सांपों का निकलना शुरू हो चुका है। इन सांपों का वन विभाग द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें जंगल में छोड़ भी जाता है लेकिन फ्रेम पाने के चक्कर में अनधिकृत रूप से सर्प रेस्क्यू करने वालों की फेहरिश्त बढ़ते जा रही है जो वन विभाग के लिए किसी खतरे से कम नहीं है। वन विभाग में इसके लिए अलग से निर्देश जारी किया है और साफ चेतावनी दी है कि वन विभाग के अधिकृत व्यक्ति से ही सांप का रेस्क्यू कराया जाए अन्यथा कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

सोशल मीडिया पर शिव फाउंडेशन के नाम से एक सूची प्रसारित की जा रही है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के सर्प रेस्क्यू करने वाले व्यक्तियों के मोबाइल नंबर सोशल मीडिया में प्रकाशित किया गया है। इसे लेकर कोरबा वन मण्डल की वनमण्डलाधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देशानुसार उपवनमंडलाधिकारी सूर्यकांत सोनी ने स्पष्ट किया है कि उक्त सूची में शामिल व्यक्तियों को वन विभाग द्वारा सर्प अथवा अन्य वन्यजीवों के रेस्क्यू कार्य के लिए किसी भी प्रकार की आधिकारिक मान्यता या अनुमति प्रदान नहीं की गई है। वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि सर्प या अन्य वन्यजीव से संबंधित किसी भी सूचना के लिए केवल वन विभाग द्वारा अधिकृत रेस्क्यू टीम अथवा विभाग के आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर पर ही संपर्क करें, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे अप्रामाणिक मोबाइल नंबरों पर सूचना देना या उन्हें रेस्क्यू कार्य के लिए बुलाना जनसुरक्षा एवं वन्यजीव संरक्षण, दोनों ही दृष्टि से जोखिमपूर्ण हो सकता है। वन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि बिना विभागीय अनुमति एवं आवश्यक प्रशिक्षण के वन्यजीवों का रेस्क्यू करना विधिसम्मत नहीं है, ऐसे मामलों में वन्यजीवों को नुकसान पहुँचने के साथ-साथ आम नागरिकों की जान भी खतरे में पड़ सकती है, प्रशिक्षित एवं अधिकृत रेस्क्यू दल निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार ही रेस्क्यू कार्य करते हैं। कोरबा वन मण्डल ने नागरिकों से आग्रह किया है कि किसी भी फर्जी सूची, भ्रामक संदेश या अपुष्ट जानकारी को साझा न करें, यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति स्वयं को वन विभाग का अधिकृत रेस्क्यूअर बताकर कार्य करता है, तो उसकी जानकारी तत्काल संबंधित वन परिक्षेत्र कार्यालय अथवा कोरबा वन मण्डल को दें।

### एनसीडीसी स्कूल के गेट पर निकला कॉमन वुल्फ सांप



एनसीडीसी स्कूल में परीक्षा देने आये परीक्षार्थी उस समय सहम गये जब यहां पर स्कूल के गेट के पास एक सांप को बैठा हुआ देखा। तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। जानकारी के अनुसार एनसीडीसी स्कूल सुभाष ब्लॉक में सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर (प्रारंभिक) एक्जाम सेंटर था जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों का आना चालू हो गया था तभी स्कूल के गेट में एक सांप दिखाई दिया जिस पर तत्काल स्कूल मैनेजमेंट ने वन विभाग रेस्क्यु टीम जितेंद्र सारथी को सूचना दिया फिर थोड़ी देर बाद वहां पहुंच कर कॉमन वुल्फ (दण्ड करैत) नामक विषहीन सांप का रेस्क्यु किया गया तब जाकर सभी ने राहत भरी सांस लिया फिर उसे सुरक्षित प्राकृतिक रहवास जंगल में छोड़ दिया गया।

### सर्पदंश से 22 वर्षीय युवक की मौत

बारिश की पहली फुहार के साथ ही जमीन में रेंगने वाले जीव जंतु सक्रिय हो चुके हैं। जिले में सर्पदंश की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। पहली बारिश के साथ ही अब तक जिले में कई लोगों की सर्पदंश से मौत हो चुकी है। नया मामला फिर से सामने आया है। बताया जाता कि पड़ोसी जिले रायगढ़ के हाटी निवासी भोला सोनी पिता गुलाब सोनी 22 वर्ष अपने घर के ऊपरी कमरे में सोया हुआ था रात में जब उसे प्यास लगी तो वह सीढ़ी से नीचे उतर रहा था कि इसी दौरान करैत सांप ने उसके पैर के नीचे आ गया और सर्प ने भोला को डस लिया। जब परिजनों को पता चला तो भोला को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## मरम्मत की दरकार है शहर और ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को



बालको से रोगाबहरी जाने वाली जर्जर सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश के दिनों में जर्जर सड़कों पर चलना अब शहरवासियों के लिए मुश्किल भरा कदम रहता है। इन दिनों मरम्मत के अभाव में शहर और गांव क्षेत्र की सड़कों से आवागमन दिन प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है। शहर से लेकर गांव की सड़कों के लिए, विभागीय स्तर पर बनी कार्य योजनाएं भी अमल में नहीं आ सकी हैं। जबकि सड़कों में आवागमन का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

**खास बात**
- बालको रुकबहरी मार्ग व चेकपोस्ट रिस्दा रोड गड्ढों में तब्दील

बालको से रुकबहरी और जामबहार जैसे ग्रामीण अंचल को जोड़ने वाली पीएमजीएस वाय सड़क के मरम्मत नहीं होने से इस क्षेत्र में आवागमन करने वाले हादसे का शिकार हो रहे हैं। बालको बेलगढ़ी नाला से बने पुल से रुकबहरी, जामबहार, सरईपाली ग्राम पंचायत की ओर जाने के लिए प्रधान मंत्री ग्राम सड़क प्रकोष्ठ के द्वारा सड़क का निर्माण किया गया था। इस मार्ग से बालको के स्कूलों में आने वाले छात्र एवं बालको संयंत्र में काम करने वाले कामगार आना जाना करते हैं। जिससे इस मार्ग में पूर्व की अपेक्षा धीरे धीरे आवागमन का दबाव बढ़ते जा रहा है। आम लोगों के साथ प्रशासनिक अफसर भी इस मार्ग का उपयोग करने लगे हैं जिनकी गाड़ियां भी मार्ग में बने गड्ढों में फंसते नजर आती है। उसके बावजूद मरम्मत को लेकर कोई कार्ययोजना विभाग की नजर नहीं आई। यही स्थिति बालको चेकपोस्ट से रिस्दा चौक तक जाने वाली नगर निगम के वार्ड 37 लालघाट वार्ड की है। बीते एक वर्ष से उक्त सड़क का डामरीकरण तो दूर की बात मरम्मत तक नहीं हो सकी है, जबकि बालको गायत्री मंदिर से चेकपोस्ट तक 7 किलोमीटर लंबी सड़क में कई जगहों में गड्ढे होने से रात के समय मार्ग में हादसे भी हो चुके हैं। इन मार्ग में गड्ढों को मुरूम से भरा गया है।

## मनोज अग्रवाल ने किया कार्यकारिणी का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के सत्र 2026- 27 के लिए निर्वाचित हुए नवीन अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया है। जिसके अंतर्गत अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, प्रथम उपाध्यक्ष अजय धनोंदिया, द्वितीय उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, तृतीय उपाध्यक्ष इखलाक शेख, सचिव नरेन्द्र अग्रवाल, सह सचिव अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, सह कोषाध्यक्ष अतुल मित्तल टेमर हकुमचंद अग्रवाल, दीपक गर्ग क्लब सर्विस चेयरपर्सन सुधीर पाण्डेय क्लब मार्केटिंग कम्युनिकेशन चेयरपर्सन राजकुमार दीवान, क्लब मेम्बरशिप चेयरपर्सन राजकुमार अग्रवाल छुरी, एलसीआईएफ कोआर्डिनेटर राकेश शर्मा, पीआरओ आशीष अग्रवाल अंकित अग्रवाल, अरुण जोशी, वीकेश अग्रवाल, संरक्षक अजय धनोंदिया, अजय गर्ग, घनश्याम शर्मा, प्रकाश अग्रवाल, राकेश बंसल, प्रताप वाटवानी, विकास अग्रवाल, अशोक देवांगन (छुरी), मनोज अग्रवाल (छुरी), टेकचन्द अग्रवाल(छुरी), प्रीतम देवांगन(छुरी), जितेंद्र अग्रवाल, भरत अग्रवाल विधिक सलाहकार, रवि दत्ता, अभिषेक अग्रवाल सीए (छुरी) डायबिटीज चेयरपर्सन मुकेश मोटवानी, विशाल बंसल, दीपक बंसल, विषेश अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, शुभम शर्मा, आयुष मित्तल हंगर रिलीफ चेयरपर्सन मुकेश गोयल, मुकेश गुप्ता, नितिन मित्तल, पंकज अग्रवाल, नंद देवांगन छुरी, आयुष मित्तल कारखाना, राजकुमार अग्रवाल कटघोरा , स्वास्थ चेयरपर्सन डा गोपाल बन गोस्वामी, डॉ हरि दिवाकर पर्यावरण चेयरपर्स लव अग्रवाल, विक्की राजपूत, रूपेश सोनी, अंकुर अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, अनूप मानिकपुरी, रविन्द्र अग्रवाल सांस्कृतिक आयोजन प्रभारी शुभम मित्तल, वी बी बाजपेयी (छुरी), भारत भूषण को शामिल किया गया है।

## पोड़ी उपरोड़ा से बांगो डेम तक बदहाल सड़क पर रोज दांव पर लग रही जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पोड़ी उपरोड़ा बांगो डेम सड़क।

सड़क किसी भी इलाके की जीवनरेखा होती है लेकिन जल संसाधन विभाग की प्राथमिकताओं को देखकर लगता है कि लोगों की सुरक्षित आवाजाही से ज्यादा चिंता दीवारों और पुलों की चमक की है। पोड़ी उपरोड़ा से बांगो डेम तक का मार्ग बारिश में दलदल और गड्ढों में तब्दील हो चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण जैसे जरूरी काम वर्षों से अधूरे पड़े हैं, जबकि रंग-रोगन, लिपाई-पोताई और दूसरे कार्यों पर विभाग ज्यादा सक्रिय नजर आता है। नतीजा यह है कि स्कूली बच्चों से लेकर मरीज, किसान और आम लोग हर दिन जोखिम भरा सफर करने को मजबूर हैं।

मिनीमाता हसदेव बांगो बांध परियोजना से शिव मंदिर तक सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है, जिससे इस हिस्से में राहत मिली है लेकिन शिव मंदिर से पोड़ी उपरोड़ा तक का मार्ग आज भी बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। लगातार बारिश के कारण कच्ची सड़क कीचड़, गहरे गड्ढों और जलभराव में बदल चुकी है। दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं तो चारपहिया वाहन भी मुश्किल से निकल पा रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि इस सड़क का निर्माण वर्षों पहले जल संसाधन विभाग ने कराया था लेकिन समय पर मरम्मत नहीं होने और भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क पूरी तरह उखड़ गई। हर बारिश के साथ कटाव बढ़ता गया, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। ग्रामीणों के मुताबिक पूरी सड़क के निर्माण और उन्नयन के लिए करोड़ों रुपये की स्वीकृति मिल चुकी थी और टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी। बताया जाता है कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित दर से अधिक (एबव रेट) का कोटेशन देने के कारण मामला अटक गया और निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। इसका खामियाजा अब आम लोग भुगत रहे हैं।

### गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की प्राथमिकताएं जनसुविधा नहीं बल्कि औपचारिकताएं बन गई हैं। उनका कहना है कि हाल के दिनों में डेम मरम्मत, गाला सफाई, पुल की लिपाई-पोताई जैसे कार्यों पर जोर दिया गया, जबकि सड़क निर्माण जैसे जरूरी काम ठंडे बस्ते में पड़े हैं। इन कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। वहीं तान नदी में रिटर्निंग वॉल का निर्माण भी ऐसे समय शुरू किया गया कि काम शुरू होते ही बाढ़ आ गई और निर्माण प्रभावित हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर नुक्कड़ नाटक से किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इको क्लब हेल्थकेयर चैतमा युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार, क्षेत्रीय निर्देशालय भोपाल, डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर, प्रो वाय के तिवारी जिला संगठन,चंद्राणी सोम प्राचार्य संरक्षक, वीरेन्द्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ईको क्लब प्रभारी, ब्यख्याता शिक्षक नबीउल्ला सिद्दिकी, पुष्पा कंवर,संजीव जायसवाल, चंद्रमुखी साहू, मुरारी लाल धीवर के सहयोग से विश्व जनसंख्या दिवस पर नुक्कड़ नाटक, रैली चित्रकला प्रतियोगिता, जनजागरूकता संदेश के साथ मनाया गया।

चंद्राणी सोम प्राचार्य ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को पूरे विश्व में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लगातार बढ़ती आबादी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। तीव्र गति से बढ़ती जनसंख्या केवल किसी एक देश की नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। सीमित संसाधनों और असीमित आवश्यकताओं के बीच संतुलन बनाना आज के समय की सबसे बड़ी मांग है। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि शिक्षा का प्रसार पर ध्यान देना जरूरी है। शिक्षित महिलाएँ परिवार नियोजन के फैसलों में बेहतर भूमिका निभाती हैं। स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच ग्रामीण इलाकों में सुरक्षित और आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों की उपलब्धता आसान होनी चाहिए। जागरूकता अभियान नुक्कड़ नाटक, रैलियों और सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को छोटे परिवार के फायदों के बारे में बताना विश्व जनसंख्या दिवस और जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा हमें यह याद दिलाता है कि एक समृद्ध और स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है। इस दौरान स्वयं सेवक विजय कुमार, आयुष आदित्य, अनुष्का, पायल भूमिका, अंकिता, चंचल, मेघा सहित अन्य सेवकों ने नुक्कड़ नाटक रैली में सहभागिता निभाई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बीएमएस...

12 का गठन नहीं किया गया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं कर्मचारियों के हितों की उपेक्षा का परिचायक है। उन्होंने मांग की कि कर्मचारियों को समयानुसार संशोधित वेतनमान एवं अन्य लाभ सुनिश्चित करने के लिए जेबीसीसीआई-12 का गठन तत्काल किया जाए। जिसका समर्थन अन्य सभी राष्ट्रीय श्रम संगठनों ने भी किया। उन्होंने बताया कि इसी कारण निर्णय लेते हुए संगठन द्वारा प्रबंधन की उदासीनता के विरोध में 25 से 30 जून तक देश की सभी कोयला कंपनियों एवं इकाइयों में गेट मीटिंग एवं जन-जागरण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। श्री रेड्डी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रबंधन ने कर्मचारियों की जायज मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ 17 से 23 अगस्त तक देशव्यापी कन्वेंशन कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसके अंतर्गत 20 अगस्त को एसईसीएल मुख्यालय में विशाल कन्वेंशन आयोजित कर कर्मचारियों को प्रबंधन की नीतियों एवं उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर संगठन व्यापक आंदोलनात्मक कार्यक्रम चलाने से भी पीछे नहीं हटेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

### शपथ पत्र

मैं प्रगति मानिकपुरी, उम्र 18 वर्ष, पिता सुफल दास मानिकपुरी, निवासी-बालकोनगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) की होकर निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूं:-

1. यह कि मैं उक्त पते पर निवासरत हूं तथा मेरा आधार कार्ड नंबर 4679 7102 7810 है।

2. यह कि मैंने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अंतर्गत दिल्ली पब्लिक स्कूल बालकोनगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) से कक्षा 10 वीं की परीक्षा वर्ष 2024 में नियमित छात्रा के रूप में उत्तीर्ण की हूं

3. यह कि, मुझे उक्त विद्यालय के द्वारा मेरा स्थानांतरण प्रमाण पत्र मुझे प्रदान की गया था जो कि घर में ही साफ सफाई दौरान कहीं गुम हो गया है जिसे मेरे द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी अप्राप्त है। मुझे मेरे स्थानांतरण प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति की आवश्यकता है।

4 यह कि, उक्त शपथ पत्र का निष्पादन मेरे द्वारा मेरे स्थानांतरण प्रमाण पत्र गुम हो जाने एवं उसकी द्वितीय प्रति प्राप्त करने के संबंध में किया जा रहा है जिसे मेरे द्वारा संबंधित कार्यालय / विभाग में प्रस्तुत किया जाना है।

**शपथकर्ता**
**प्रगति मानिकपुरी**

### न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्रसिंह पिता स्व. ननकू संवरा जाति संवरा साकिन पुतीडीह तहसील डबरा जिला सक्ति (छ.ग.) के ग्राम नराईबोध तहसील दीपका के खातेदार बलेश्वर सिंह पिता स्व. ननकू में के नाम पर हक स्वामी भूमि ख.नं. 105/9, एवं 468/1 कुल रकबा 0.30 एकड भूमि है। उक्त भूमि द्वारा एस.ई.सी.एल गेवरा क्षेत्र अधिग्रहित कर लिया गया है उक्त भूमि खातेदार बलेश्वर सिंह पिता स्व. ननकू की मृत्यु दिनाक 23/04/2020 को हो जाने के कारण फौती नामातरण कराने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 22/07/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा। अतः आज दिनांक 10/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका, कोरबा (छ.ग.)**

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप

### बलराम बने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद बलराम विश्वकर्मा को भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ संगठन ने उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, सक्रिय कार्यशैली और संगठन के प्रति समर्पण पर विश्वास व्यक्त किया है। बलराम विश्वकर्मा लंबे समय से भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जनहित के मुद्दों पर कार्य करते रहे हैं।

### आश्रम शाला बिंझरा के नन्हें बच्चों ने लगाए फलदार पौधे



**पोड़ीउपरोड़ा।** आश्रम शाला बिंझरा, संकुल बिंझरा विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर निर्माण के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हें-नन्हें बच्चों ने उत्साहपूर्वक आम, अमरूद सहित विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन शिक्षिका श्रीमती रसीदा बानों एवं प्रधानपाठक मनराकस सिंह कँवर ने किया। उन्होंने बच्चों को पौधों के महत्व, पर्यावरण संतुलन, स्वच्छ वायु तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरियाली बनाए रखने का संदेश दिया। बच्चों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। श्रीमती रसीदा बानों ने कहा कि प्रत्येक छात्र यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधे का संरक्षण करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### लापता गनेशी का अब तक नहीं मिला सुराग



**कोरबा।** गनेशी पटेल उम्र 23 वर्ष 5 जुलाई से लापता है। रिश्तेदार और उनके सहेली घर सभी जगह पता कर लिए हैं लेकिन कहीं से भी कुछ पता नहीं चला पिता जंगलू राम पटेल उनकी माता श्रुति भाई पटेल जिला कोरबा बेलगरी बस्ती की रहने वाली है।

# दलकी तालाब की रिटेनिंग वॉल दूसरे ही साल ढही, निर्माण कार्य पर उठे सवाल

## नोनदरहा पंचायत में गुणवत्ताहीन निर्माण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत वर्ष 2024 में ग्राम पंचायत नोनदरहा के दलकी तालाब में समुदाय की सुरक्षा और तालाब के संरक्षण के लिए बनाया गया रिटेनिंग वॉल बारिश की पहली बड़ी परीक्षा में ही धराशायी हो गया। निर्माण के दूसरे ही वर्ष दीवार का एक हिस्सा टूटकर तालाब में जा गिरा, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि रिटेनिंग वॉल का निर्माण बेहद घटिया गुणवत्ता से कराया गया। जिस दीवार का उद्देश्य तालाब के तटबंध को सुरक्षित रखना था, वह खुद ही बारिश का दबाव नहीं झेल सकी। टूटा हुआ मलबा अब भी तालाब में पड़ा हुआ है, जो निर्माण की गुणवत्ता की कहानी खुद बयां कर रहा है। मामले का एक और अहम पहलू यह है कि निर्माण स्थल पर लगाए गए सूचना पटल में कार्य की स्वीकृत लागत राशि का उल्लेख नहीं किया गया है। ग्रामीण इसे पारदर्शिता पर सवाल बताते हुए आरोप लगा रहे हैं कि वास्तविक खर्च की जानकारी छिपाई गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत द्वारा गांव में सड़क, नाली और अन्य विकास कार्यों में भी गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। उनका कहना है कि घटिया निर्माण के कारण शासकीय धन की बर्बादी हुई है और इसकी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सरपंच और सचिव से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक दोनों से संपर्क नहीं हो सका। अब ग्रामीणों की नजर प्रशासन पर टिकी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते मामले की जांच नहीं हुई तो शासन की विकास योजनाओं पर लोगों का भरोसा कमजोर होगा।

**खास बात**

- सूचना पटल से लागत गायब, ग्रामीणों का आरोप शासन का पैसा हुआ बर्बाद



## विद्युत कंपनी के विभागीय कालोनी के 14 ब्लॉक का मामला

# जल आपूर्ति बाधित होने और गंदे पानी की आपूर्ति से बिजली कर्मियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कंपनी के कोसाबाड़ी स्थित आवासीय कालोनी के 14 ब्लॉक स्थित मकानों में लंबे समय से जल आपूर्ति बाधित है। निर्धारित समय की जगह 15 मिनट जल आपूर्ति की जा रही है। हद तो तब हो गई जब नलों से गंदा एवं दूषित पानी की आपूर्ति की जाने लगी। इससे आक्रोशित बिजली कर्मचारियों ने सिविल विभाग के सहायक अभियंता को शिकायत पत्र सौंपते हुए चेतावनी दी है कि अगर समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो विभाग के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कोसाबाड़ी स्थित विभागीय कालोनी में पिछले कई महीनों से पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति नहीं की जा रही है। महज कुछ समय के लिए जल आपूर्ति हो रही है उसमें भी नलों से गंदा व दूषित पानी पहुंच रहा है। कालोनीवासियों का कहना है कि 6 महीने पहले भी लिखित शिकायत देकर स्वच्छ पेयजल, नियमित जलापूर्ति और मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई थी। इसके बाद भी कई बार आवेदन और पत्र दिए गए, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने न तो समस्या का स्थायी समाधान किया और न ही मौके पर प्रभावी कार्रवाई की। लगातार अनदेखी से बिजली कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि नलों में मुश्किल से 15 मिनट पानी आता है और वह भी इतना गंदा कि पीने तो दूर, घरेलू उपयोग के योग्य भी नहीं रहता। बरसात में पानी की गुणवत्ता और खराब हो गई है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। विद्यालय खुलने के बाद सुबह बच्चों को तैयार करना, भोजन बनाना, कपड़े धोना और दैनिक कार्य करना भी बड़ी चुनौती बन गया है। कॉलोनी में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। झाड़ियां बढ़ने से सांप-बिच्छू का खतरा बना हुआ है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण नियमित नहीं हो रहा, जबकि शुल्क की मांग लगातार की जाती है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें भी बंद पड़ी हैं, जिससे रात के समय लोगों को अतिरिक्त परेशानी और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था और रखरखाव पूरी तरह चरमरा गयी है।



नल से आता गंदा पानी।

**शुरू किया गया मरम्मत कार्य**

इसे लेकर बिजली कर्मचारियों व अन्य लोगों ने कई बार अधिकारियों को शिकायत की है बावजूद इसके न तो जलापूर्ति सुधरी, न सफाई व्यवस्था और न ही अन्य मूलभूत सुविधाओं में सुधार हुआ। हालांकि शनिवार को बिजली कर्मचारियों द्वारा की गई शिकायत के बाद सिविल विभाग हरकत में आया और आनन फानन में कालोनी में सिवरेज पाइप लाइन का काम करने वाले ठेकेदार से पाइप लाइन का मरम्मत कार्य शुरु कराया। इस दौरान जिन जगहों पर वाल्व में खराबी आयी थी उनका मरम्मत कार्य किया गया। अब देखना यह है कि मरम्मत के बाद कालोनी में साफ और पर्याप्त जल आपूर्ति होती है या नहीं।

## उतरदा जयंती नगर बसाहट हरदीबाजार वासियों को नहीं आ रही रास



जागरुकता अभियान चलाते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार में एक फिर एसईसीएल दीपका प्रबंधन के मनमानी, पार्दर्शिता नहीं रखने के विरोध में रैली प्रदर्शन कर जनजागरण किया गया। रैली में एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा जो बसाहट स्थल उतरदा जयंती नगर निर्धारित किया गया है,उसकी सड़क कनेक्टिविटी बलौदा मार्ग बुडगहन सड़क में जोड़ने जिससे कोरबा मुख्यालय आने जाने में काफी समस्या होगी और अन्य कोई सड़क नहीं,सभी शासकीय भवनों का निर्माण उतरदा में होने जिससे बसाहट स्थल जयंती नगर को निरस्त कर उतरदा पंचायत अंतर्गत नए बाईपास सड़क किनारे लगी स्थल को देने की मांग की है।

नए मकानों पर 40 फीसदी मुआवजा को 100 फीसदी देने, नौकरी की कट ऑफ लिस्ट जारी कर नौकरी के लिए पात्र लोगों का नाम सार्वजनिक करने, कितने किसान भूस्वामी एसईसीएल दीपका प्रबंधन से प्रभावित हो रहे है उसकी सूची सार्वजनिक करने एसईसीएल दीपका प्रबंधन अपने किसी भी कार्य में पारदर्शिता नहीं अपना रही है। इससे नराज होकर हरदीबाजार के लोगों ने आटो में माईक के माध्यम से रैली निकाल कर जमीन व मकानों के मुआवजा राशि नहीं उठाने और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर, पारदर्शिता नहीं रखने पर एसईसीएल दीपका प्रबंधन के विरोध करने बिगुल फूक दिया है। इस दौरान सरपंच,जनपद, उपसरपंच,पंच, ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल होकर पंचायत भवन से पैदल मार्च करते हुए, कालेज चौक,पुराना दीपका रोड़, शांतिनगर,शिक्षक नगर सहित गांव में घुम कर लोगों को जागरूक किया है। सरपंच लोकेश्वर कंवर का कहना है कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन अभी तक, नौकरी, बसाहट, मुआवजा पत्रक व प्रभावित किसानों का नाम सार्वजनिक नहीं कर अपने किऐ वादे पार्दर्शिता पूर्वक कार्य करने को झूठा साबित कर रहा है।

## सात सूत्रीय मांगों को लेकर महासंघ का विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन



धरने को संबोधित करते श्रमिक नेता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के द्वारा पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर रायपुर स्थित डंगनिया मुख्यालय में आमसभा व धरना प्रदर्शन का आयोजन कर अपना विरोध जताया और विद्युत कंपनी के चेयरमेन के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों ने प्रबंधन को चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर 17 अगस्त से अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल शुरु किया जाएगा।

**खास बात**

- मांगे पूरी नहीं होने पर 17 अगस्त से अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल की चेतावनी

उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय मजदूर संघ के मंत्री एवं विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में और छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी एवं प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ के नेतृत्व में विद्युत कंपनी प्रबंधन के बार-बार के वादाखिलाफी से आक्रोशित होकर महासंघ की बहुप्रतीक्षित मांग विद्युत कंपनी में 2004 के बाद नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली, संविदा नियमितीकरण, नई भर्ती, वेज रिवीजन लागू होने तक 20 प्रतिशत अंतरिम राहत, रिस्ट्रक्चरिंग और ठेकाकर्मियों के वेतन भुगतान के संबंध में 10 जुलाई को एकदिवसीय, डंगनिया रायपुर में विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज करते हुए चेयरमैन के नाम से ज्ञापन दिया गया। ज्ञात हो कि विगत वर्ष महासंघ के आंदोलन के कारण विद्युत कंपनी प्रबंधन के द्वारा 17अक्टूबर 2025 को लिखित में आश्वासन देते हुए राज्य सरकार से अनुमोदन लेकर अतिशीघ्र पुरानी पेंशन बहाली का आदेश जारी करने आश्वस्त किया गया था लेकिन 8 माह बीत जाने के बाद भी कोई सार्थक परिणाम नहीं मिलने पर महासंघ पुनः आंदोलन करने विवश हुआ। महासंघ के द्वारा प्रथम चरण में 1 से 30 जून तक हस्ताक्षर आभियान के तहत हस्ताक्षर पत्रक में अधिकारियों कर्मचारियों के हस्ताक्षर कराकर समर्थन लिया गया। द्वितीय चरण में 10 जुलाई को डंगनिया रायपुर में विद्युत कंपनी मुख्यालय के सामने एकदिवसीय विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन करते हुए विद्युत कंपनी के चेयरमैन के नाम ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज किया गया और विद्युत कंपनी प्रबंधन को चेतावनी देते हुए आगाह किया कि यदि कर्मचारी हितैषी इन सात सूत्रीय मांगों पर 15 अगस्त तक आदेश जारी नहीं करती है तो महासंघ 17 अगस्त से अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन करेगा। विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन में अनेक संगठनों का भी समर्थन प्राप्त हुआ, जिसमें महासंघ के प्रस्तावित 17 अगस्त से अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन हेतु पूर्ण समर्थन देने आश्वस्त किया गया।

## सब इंस्पेक्टर एवं प्लाटून कमांडर की परीक्षा में बैठे डेढ़ हजार से अधिक परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

व्यापमं के द्वारा आयोजित सब इंस्पेक्टर, सुबेदार, प्लाटून कमांडर की परीक्षा में शहर के 7 परीक्षा केन्द्रों में एक हजार से अधिक परीक्षार्थी बैठे थे। जबकि 229 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बीते एक सप्ताह से परीक्षा की तैयारी व्यापमं के निर्देशों के तहत प्रशासन द्वारा की जा रही थी। पूर्व की तरह इस बार भी परीक्षार्थियों को कड़ी जांच से गुजरना पड़ा।

व्यापमं के द्वारा ली गई परीक्षाओं के तहत रविवार को आयोजित की गई सुबेदार, प्लाटून कमांडर, सब इंस्पेक्टर की परीक्षा संभवतः यह व्यापमं के द्वारा ली जाने वाली अंतिम परीक्षा होगी। इसके बाद सभी तरह की प्रतियोगिता का आयोजन राज्य कर्मचारी आयोग के द्वारा किया जाएगा। रविवार को शहर के 7 परीक्षा केन्द्रों में ली गई परीक्षा में 1 हजार 976 परीक्षार्थी उपस्थित थे। जबकि परीक्षा के लिए 2205 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। 229 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

